12.11.2022

**प्रकरण नेशनल लोक अदालत खंडपीठ क्र0–25 में प्रस्तुत**

पीठासीन अधिकारी :–श्री साजिद मोहम्मद

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नारायणगढ़, जिला–मंदसौर (म0प्र0)

**––:: आदेश ::––**

राज्य द्वारा ए0डी0पी0ओ0 श्री बिहारीसिंह बघेल उपस्थित।

अभियुक्त अनुपस्थित, द्वारा श्री विजय कुमार बसेर अधि0 उपस्थित।

प्रकरण आपसी राजीनामा आवेदन–पत्र पर विचार/आदेश हेतु नियत है।

उभयपक्ष की ओर से दिनांक 19.10.2022 को आपसी राजीनामा आवेदन–पत्र हस्ताक्षरित कर फरियादी का नवीनतम छायाचित्र चस्पा कर प्रस्तुत किया, जो सारतः इस प्रकार है कि, उन्हें मिलने वालों ने समझा दिया एवं जो विवाद था, उनमें राजीनामा करवा दिया है, उनके मध्य भविष्य में मधुर संबंध बने रहे और ज्यादा कटुता न हो, इस कारण उनके मध्य न्यायालय के बाहर आपसी राजीनामा हो गया है। अतः आपसी राजीनामा आवेदन–पत्र स्वीकार कर प्रकरण का निराकरण किये जाने का निवेदन किया।

विगत् नियत दिनांक को फरियादी/आहतगण ने पहचान के संबंध में स्वयं के आधार कार्ड की स्वसत्यापित प्रति प्रस्तुत की तथा अभियुक्त की पहचान श्री विजय कुमार बसेर अधि0 द्वारा की गई।

विगत् दिनांक को ही फरियादी/आहतगण ने तस्दीक पर आपसी राजीनामा आवेदन–पत्र स्वेच्छ्यापूर्वक, बिना किसी डर–दबाव एवं प्रलोभन के प्रस्तुत किया जाना व्यक्त किया।

प्रकरण का अवलोकन किया गया, जिससे स्पष्ट है कि, यह प्रकरण अभियुक्त के विरूद्ध धारा–294, 323 एवं 506 भाग–02 भा0दं0वि0 के तहत पंजीबद्ध है, जो कि शमनीय प्रकृति की हैं। अतः प्रस्तुत आपसी राजीनामा आवेदन–पत्र शमनीय आरोपों के संबंध में स्वीकार किया जाना विधि विपरीत नहीं है। परिणामस्वरूप आपसी राजीनामा आवेदन–पत्र शमनीय आरोपों के संबंध में स्वीकार किया जाकर अभियुक्त को शमनीय अपराध धारा–294, 323 एवं 506 भाग–02 भा0दं0वि0 के आरोप से **''दोषमुक्त''** किया जाता है।

Nmh/Indore 9425328009

| Date of Order or Proceeding | Order of proceeding with Signature of Presiding officer |
|---|---|
| | प्रकरण में अभियुक्त की ओर से जमानत प्रस्तुत नहीं की गई है, उसका मुचलका भारमुक्त किया जाता है।<br>प्रकरण में जप्तशुदा संपत्ति बांस की 01 लकड़ीमूल्यहीन होने से नष्ट की जावे।<br>प्रकरण का परिणाम दर्ज किया जाकर प्रकरण नियत समयावधि में अभिलेखागार में भेजा जावे।<br>(श्री आर0सी0 गेहलोत)<br>अधिवक्ता<br>(साजिद मोहम्मद)<br>खंडपीठ अधिकारी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी<br>नारायणगढ़, जिला–मंदसौर (म0प्र0) |

Pleas... necessar...